गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020 24.06.2020

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

विषय : डायरेक्टरशिप में परिवर्तन : निदेशक (विपणन) की नियुक्ति

प्रिय महोदय,

यह श्री ई एस रंगनाथन को कंपनी के निदेशक (विपणन) के रूप में नियुक्त करने के संबंध में एमओपीएनजी के पत्र सं.सीए/31022/1/2018–पीएनजी (25732) दिनांक 22.06.2020 के संदर्भ में है। निदेशक मंडल ने दिनांक 24 जून, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में दिनांक 01.07.2020 की प्रभावी तारीख से कंपनी के अपर निदेशक के तौर पर निदेशक (विपणन) के पद को संभालने के लिए श्री ई एस रंगनाथन (डीआईएन 07417640) की नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया है।

श्री ई एस रंगनाथन से संबंधित जानकारी इस प्रकार है:

1. संक्षिप्त प्रोफाइल

श्री ई एस रंगनाथन विपणन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियर हैं । श्री रंगनाथन के पास इंजीनियरिंग एवं योजना, प्रक्रिया प्रबंधन, स्कोप प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, शेड्यूल प्रबंधन, उद्यम संसाधन योजना, टेक्नोलोजी अप-ग्रेडेशन, वेंडर प्रबंधन और गुणवत्ता आश्वासन सहित पाइपलाइन परियोजनाओं, प्रचालन एवं अनुरक्षण, विपणन, व्यापार विकास और व्यापार सूचना प्रणाली के क्षेत्र में तेल और गैस सेक्टर में बड़ी परियोजनाओं और व्यावसायिक समाधानों के नेतृत्व, प्रबंधन और कार्यान्वयन का लगभग 35 वर्षों का समृद्ध अनुभव है।

गेल में उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1985 में की और हजीरा विजयपुर जगदीशपुर पाइपलाइन के साथ जुड़े रहे। कावेरी बेसिन में उन्होंने क्षेत्रीय पाइपलाइन प्रणाली के प्रमुख के रूप में और कृष्णा गोदावरी बेसिन में क्षेत्रीय पाइपलाइन प्रणाली के प्रचालन एवं अनुरक्षण हेतु प्रभारी के रूप में कार्य किया।

श्री रंगनाथन ने गेल (इंडिया) लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक (निगमित ओ एंड एम) और महाप्रबंधक (परियोजना) के रूप में कार्य किया है और महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें निर्माण के लिए प्रभारी और दाहेज- विजयपुर, विजयपुर-दादरी और बवाना नांगल पाइपलाइन परियोजनाओं के लिए सफल कमीशनिंग शामिल हैं। उन्होंने हजीरा में गेल की अत्याधुनिक अल्ट्रासोनिक मीटर परीक्षण सुविधा के विकास और व्यावसायीकरण की भी देखरेख की थी, जो एशिया में पहली बार हुआ है।

वर्तमान कार्यभार ग्रहण करने से पहले वह इंद्रपरस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल), भारत की सबसे बड़ी सीएनजी वितरण कंपनी, के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे। आईजीएल में, श्री रंगनाथन ने देश में हरियाणा, यूपी और राजस्थान में और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर म्यांमार में न्यू यंगून परियोजना में प्रचालन का विस्तार किया है। श्री रंगनाथन को आईजीएल में नेतृत्व के लिए फ़ोर्ब्स इंडिया लीडरशिप अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया है। बिज़नेस स्टैंडर्ड एनुअल अवार्ड्स में 2019 स्टार पीएसयू श्रेणी में विजयी भी घोषित किया गया है।

व्यापार समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में दृढ़ विश्वास रखने वाले श्री रंगनाथन ने गेल में बिजनेस इन्फॉर्मेशन सिस्टम के प्रमुख के रूप में ओ एंड एम और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में स्मार्ट वर्किंग की दिशा में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

श्री रंगनाथन भारत और विदेशों में विभिन्न उद्योग मंचों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। वर्तमान में वह फ्ल्यूड कंट्रोल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफसीआरआई) के गवर्निंग बोर्ड में सदस्य तकनीकी हैं और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) के तत्वावधान में मीटरिंग डिज़ाइन एवं निर्माण हेतु भारतीय मानकों को अंतिम रूप देने के लिए समन्वय टीम के सदस्य भी थे। श्री रंगनाथन अफ़ग़ानिस्तान में गैस पाइपलाइन प्रणाली के पुनरुद्धार में एडीबी के सलाहकार रहे हैं, और नीदरलैंड में स्थित पाइपलाइन ऑपरेटर फोरम में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

वह सीयूजीएल-सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (यूपी में कानपुर एवं बरेली में प्रचालन वाली सीजीडी कंपनी) और एमएनजीएल - महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड (पुणे में प्रचालन वाली सीजीडी कंपनी) में निदेशक मंडल स्तर के पद पर भी कार्यरत रहे हैं।

2. इसके अतिरिक्त दिनांक 14.06.2018 के सेबी के अनुदेशों के संबंध में पुष्टि की जाती है कि श्री ई एस रंगनाथन सेबी के किसी भी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद संभालने से विवर्जित नहीं हैं।

यह सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके